पूरण सैनी बनाम राज० सरकार [2025/5

153/2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | प्रा॰पत्र अन्तर्गत धारा 136 LR Act. | |
| 10/11/25 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी उप०। प्रकरण में तहसीलदार बाँदीकुई के पत्रांक 03 दिनांक 16/10/25 द्वारा प्रेषित रिपोर्ट शामिल पत्रावली की गई। प्रार्थी द्वारा बहस की गयी। बहस पर मनन किया। पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात, तहसीलदार रिपोर्ट का अवलोकन किया। अत: प्रार्थी ~~द्वारा~~ की गई बहस पर मनन करने एवं पत्रावली के अवलोकन के आधार पर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रा॰पत्र बाबत नाम शुद्धिकरण स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। प्रा॰पत्र फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br><br>[signature] 10/11/25<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.एम.)बांदीकुई जिला दौसा

प्रकरण संख्या 153 / 2025
प्रकरण दायर दिनांक 10.11.2025
प्रकरण निर्णय दिनांक 10.11.2025

उनवान

1. पूरण सैनी पुत्र श्री गोविन्द सैनी निवासी शिशावाली कोठी, धांधोलाई तहसील बांदीकुई।

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बांदीकुई जिला दौसा

**प्रार्थना पत्र बाबत् नाम शुद्धिकरण अन्तर्गत धारा 136 राज0काश्त0 अधिनियिम**

प्रार्थी द्वारा विरूद्ध अप्रार्थी प्रार्थना पत्र नाम दुरूस्ती इन्द्राज इस आशय से पेश किया है कि ग्राम धांधोलाई तहसील बांदीकुई जिला दौसा की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 35, 64, 65, 66, 67, 92 एवं ग्राम खेडा की जमाबंदी संवत् 2076–79 के खाता संख्या 69 में प्रार्थी का नाम पून्या पुत्र गोविन्दा दर्ज रिकॉर्ड है, जो कि गलत है। प्रार्थी का शुद्ध नाम पूरण सैनी पुत्र गोविन्द सैनी है। प्रार्थी का नाम अन्य समस्त दस्तावेजात यथा आधारकार्ड, पेनकार्ड, जनाधारकार्ड, पहचानपत्र में पूरण पुत्र गोविन्द दर्ज है। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त खाता संख्या में दर्ज नाम को शुद्ध करने की कृपा करे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार बांदीकुई से रिपोर्ट प्राप्त की गई। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना गया। तहसीलदार बांदीकुई की रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी पूरण पुत्र गोविन्द जाति माली निवासी शिशावाली कोठी धांधोलाई तहसील बांदीकुई के नाम की मजमेआम में जांच की। मजमेआम में उपस्थित व्यक्तियों व सहखातेदारान ने बताया कि ग्राम धांधोलाई के राजस्व रिकॉर्ड संवत् 2074 के खाता संख्या 35, 64, 65, 66, 67, 92 एवं ग्राम खेडा की जमाबंदी संवत् 2076–79 के खाता संख्या 69 उक्त में प्रार्थी का नाम पून्या पुत्र गोविन्दा दर्ज रिकॉर्ड है। जबकि प्रार्थी के अन्य दस्तावेजों जैसे पेनकार्ड, आधारकार्ड, जनाधारकार्ड, मतदाता पहचान पत्र में प्रार्थी का नाम पूरण पुत्र गोविन्द दर्ज है। प्रार्थी अब राजस्व रिकॉर्ड में भी अपना नाम पूरण पुत्र गोविन्दराम शुद्ध करवाना चाहता है। उपस्थित व्यक्तियों व सहखातेदारों ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज पून्या पुत्र गोविन्दा व पूरण पुत्र गोविन्दराम दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। प्रार्थी को पून्या पुत्र गोविन्दा व पूरण

[153/2025] [2025/581]

पुत्र गोविन्दराम दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता है। उपस्थित लोगों ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पून्या पुत्र गोविन्दा की बजाय पूरण पुत्र गोविन्दराम शुद्ध किया जाता है तो हमें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। अतः मुताबिक दस्तावेजों एवं सहखातेदारों की सहमति के प्रार्थी का नाम पूरण पुत्र गोविन्दराम किया जाना उचित है।

पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात, प्राप्त जांच रिपोर्ट के अवलोकन से राजस्व जमाबंदी में प्रार्थी का नाम पून्या सहवन से कारित होना प्रतीत होता है, जबकि प्रार्थी का सही नाम पूरण है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बांदीकुई से प्राप्त रिपोर्ट, प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व दस्तावेज का अवलोकन एवं स्वयं प्रार्थी की बहस पर मनन करने के आधार पर प्रार्थी प्रार्थना पत्र बाबत् नाम शुद्धिकरण अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम धांधोलाई के राजस्व रिकॉर्ड संवत् 2074 के खाता संख्या 35, 64, 65, 66, 67, 92 एवं ग्राम खेडा की जमाबंदी संवत् 2076–79 के खाता संख्या 69 में प्रार्थी का नाम पून्या पुत्र गोविन्दा के स्थान पर पूरण पुत्र गोविन्द किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बांदीकुई तदअनुसार राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत अमल दरामद करे। तहसीलदार बांदीकुई को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। मेरे द्वारा निर्णय आज दिनांक 10.11.2025 को लिखा एवं सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया।

10/11/25

(रामसिंह राजावत)

आर.ए.एस.

उपखण्ड अधिकारी

बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner